हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

11 पारंपरिक होली विलुप्ति के कगार पर, आधुनिकता का रंग चढ़ा



12 होली थीम पर निकाली मतदाता जागरूकता रैली...





## खबर संक्षेप

### हाईवा की ठोकर से बाइक चालक की मौत



**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम हाईवा की ठोकर लगने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, बाइक सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के मुताबिक विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे हाईवा की ठोकर लगने से 55 वर्षीय पंचराम वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार लक्ष्मीनारायण बंजारे तथा भूखन धृतलहरे घायल हुए हैं। घटना रानीसागर के पास की है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा के साथ महिला सहित नाबालिग गिरफ्तार



**रायपुर।** मंदिरहसौद थाने की पुलिस ने गांजा तस्करी करते एक महिला सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्करों के कब्जे से ढाई लाख कीमत का 24 किलो के करीब गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में कुम्मन जेना तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों को टोल नाका के पास ओडिशा की एक बस से गांजा लाते पकड़ा है।

### झगड़ा करने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक चंगोराभाठा श्रीराम नगर निवासी अनुराग साहू ने चंदन बिसे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अनुराग ने पुलिस को बताया है कि चंदन बीच सड़क पर किसी दूसरे लड़के के साथ झगड़ा कर रहा था। इस पर अनुराग ने चंदन को झगड़ा करने से मना किया। इस बात से नाराज होकर चंदन ने अनुराग के साथ मारपीट की।

### मौसम खुला, अब बढ़ेगी गर्मी, पारा होगा 35 से पार

**रायपुर।** अंधड़, ओलावृष्टि और बारिश के जरिए फसलों को प्रभावित करने वाली मौसमी हलचल अब समाप्त हो गई है। आसमान खुलने के बाद गुरुवार से तापमान में वृद्धि का दौर शुरू होगा। राज्य में हवा के साथ आने वाली नमी की मात्रा कम होने से 32 डिग्री तक पहुंच चुका तापमान फिर से 35 के पार होगा। मौसम बदलने की वजह से पिछले तीन दिन में राज्य में अच्छी बारिश हुई है। आंकड़ो के अनुसार मार्च महिने में अब तक 2.5 सेमी बारिश हो चुकी है।

# चौक-चौराहों पर नगाड़ों की थाप के साथ गूंज रहे हैं फाग गीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

स्थानीय सहित अंचल में होली पर्व को लेकर युवाओं में उत्साह नजर आ रहा है। परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी होलिका दहन और होली पर्व की तैयारी में जुट गए हैं। बाजार में रंग-गुलाल पिचकारी की दुकान सज गई है। गली मोहल्लों के चौक चौराहों में नगाड़ों की गूंज सुनाई दे रही है। देर शाम तक फाग गीत गाकर लोग होली पर्व का भरपूर ये आनंद ले रहे हैं। बच्चों के साथ बुजुर्ग अभी फाग गायन में लगे हुए हैं। अरसे से ग्राहकों के इंतजार में पर्व का सामान लगा कर बैठे दुकानदार अब ग्राहकों के बीच से उत्साहित है। होली पर्व पर रंग–गुलाल पिचकारी के साथ ही मुखौटा फैंसी बाल टोपी की मांग है। पर्व को लेकर बाजार में तरह–तरह के समान है। ज्यादातर विक्रेताओं ने हर्बल रंगों का भरपूर स्टॉक रखा है। दुकानदारों का कहना है कि बीते कुछ वर्षों से केमिकल रंगों से लोगों ने दूरी बनाई है। ज्यादातर लोग हर्बल रंग गुलाल का ही उपयोग करते हैं। यह त्वचा के लिए हानिकारक नहीं होता साथ ही धोने पर आसानी से भी निकल जाता है। हालांकि कैमिकल रंगों की अपेक्षा हर्बल रंग थोड़े महंगे हैं।सुहेला में शाम होते ही ग्रामवासी फाग गीत नगाड़े की थाप में गाते एवं नाचते हुए दिखाई दिए। ग्रामीणों ने बताया होली त्योहार से पहले ही होली का आनंद आना प्रारंभ हो जाता हैं, होली त्योहार का इंतजार कर रहे हैं।

## शाम होते ही बन रहा होली का माहौल, गुलाल-पिचकारी की दुकानें सजीं

### ग्लिसरीन व तैल की उपयोग

केमिकल रंगों से बचने के लिए रंग गुलाल खोलने से पहले अपने शरीर में ग्लिसरीन और तेल का उपयोग कीजिए, जिसको धोने से कलर आसानी से निकल जाते हैं।



### पलाश के फूलों की रंगत बढ़ी

पलाश के फूल इकट्ठा करते हुए रावन गांव के रोहन वर्मा, तुषार यादव ने बताया बहुत अच्छा लगता है, होली त्योहार में पलास के फूल से होली खेलने में। दीपक वर्मा ने बताया वे हर वर्ष इसे एकत्र करते हैं और होली खेलते हैं। होली के लिए रंग बनाने के अलावा इसके फूलों की पिसकर चेहरे में लगाने से चमक बढ़ती है। पलाश की फलियां कृमिनाशक का काम तो करती ही है। पलांश फूल से स्नान करने से ताजगी महसुस होती है। पलाश फूल पानी से स्नान करने से लू नहीं लगती तथा ज्यादा गर्मी का अहसास नहीं होता।

## कलेक्टर ने सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जांच कमेटी का गठन किया

# निजी स्कूल में किताब व अन्य सामग्री के नाम पर मनमानी, जांच कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर ने पालकों की पुस्तक सहित अन्य सामग्री के अनिवार्यता संबंधित गंभीर शिकायत पर सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी गठन कर जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही गुरुवार को नापतौल विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई कर सुनील बुक डिपो बलौदाबाजार एवं हरपर कोलियन्स पब्लिसर गुरुग्राम हरियाणा के खिलाफ विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 के तहत कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त नोटिस का जवाब 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में पहुंचे नापतौल विभाग के अधिकारी दामोदर वर्मा ने बताया कि जांच में कोलिन्स रिवाइज्ड इंग्लिस ग्रामर एण्ड कम्पोजिशन क्लास 6 में अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य 474 रुपए पाया गया है, जो पहले से मुद्रित अथवा प्रयुक्त अवेष्ठन अधिकतम खुदरा मूल्य 439 रुपए को परिवर्तित कर अधिकतम खुदरा मूल्य अंकित किया गया हैं, जो प्रथम दृष्टिया में विधिक मापविज्ञान पैकेज में रखी वस्तु नियम 2011 के नियम 18 का उल्लंघन है। इसी तरह एरो पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद को भी नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कलेक्टर ने नापतौल विभाग के अधिकारी को सभी बुक डिपो में व्यापक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सुनील बुक डिपो एवं दो प्रकाशकों को थमाया नोटिस**

## अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी का गठन, नापतौल विभाग ने की कार्रवाई

### दुकान संचालकों को मिलता है बड़े पैमाने पर कमीशन

जानकारी के मुताबिक पुस्तक व्यापारी विभिन्न स्कूलों में संचालकों को मोटी कमीशन देता है, जिसके बदले में पालकों को उसी दुकान से पुस्तक लेने के लिए नगर के निजी शालाओं द्वारा कड़ाई की जाती है, जिसकी वजह से व्यापारी के हौसले बुलंद हैं। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि स्कूलों द्वारा यूनिफॉर्म के लिए भी दुकान निर्धारित कर दी गई है, जहां से एक मोटी रकम स्कूलों के पास पहुंचती है। बताया जा रहा है कि दोनों दुकान एक ही परिवार की है। बलौदा बाजार में इस पुस्तक दुकान की काफी शिकायत है। वहीं पालकों की मांग है कि बलौदा बाजार नगर में निजी शालाओं द्वारा एक ही निर्धारित दुकान से पुस्तक और यूनिफॉर्म खरीदे जाने का प्रेशर बनाया जाता है, जिसे तत्काल दूर करते हुए पुस्तक तथा यूनिफॉर्म की व्यवस्था अन्य जगहों पर भी किया जाना चाहिए। ऐसे ओव्हर रेट में सामान बेचने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।



### आखिर क्या है मामला

शिक्षा के नाम पर प्राइवेट स्कूलों में अधिकतर पालकों द्वारा फीस बढ़ाने की शिकायत आते रहती पर है, लेकिन बलौदा बाजार में नया मामला सामने आया है, जहां पुस्तक कॉपी के व्यापारी निर्धारित मूल्य की बजाए मन मुताबिक मूल्य पर किताबें बेच रहे हैं। दरअसल बलौदाबाजार के सुनील बुक डिपो नाम की स्टेशनरी में कॉपी किताब के असली दाम को छुपाकर उसे मनमाने दाम पर बेचा जा रहा है। पालकों ने गुरुवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस दुकान में पुस्तक पर लिखे मूल्य पर अलग से रेट लिखकर बेचा जा रहा है। वहीं इसकी शिकायत पालकों ने कलेक्टर, जिला शिक्षाधिकारी सहित उपभोक्ता फोरम से करने की तैयारी में है।

## तेज आवाज से बजाने पर डीजे और साउंड सिस्टम जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

शहर पुलिस ने 19 मार्च की रात निर्धारित समय सीमा के उपरांत, तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाने वाले डीजे संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन सहित डीजे को जब्त किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि नगर भवन भाटापारा में आयोजित एक शादी समारोह में डीजे संचालक द्वारा तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और डीजे संचालक अनावेदक राजू पिता जगमोहन दास मानिकपुरी निवासी गुढ़ियारी रायपुर के विरुद्ध धारा 4, 5,15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई कर वाहन सहित संपूर्ण डीजे साउंड सिस्टम जब्त किया है। नियमों का पालन नहीं करने वाले डीजे एवं धुमाल संचालकों के विरूद्ध थाना भाटापारा शहर पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। विदित हो कि सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के उपरांत तथा तय सीमा से अधिक, तीव्र आवाज में डीजे एवं धूमाल बजाने वाले संचालकों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

■ पुलिस ने कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की

## महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

आशीष अरोरा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण के नेतृत्व में ग्रामीण पुलिस द्वारा महिला से छेड़छाड़ करने वाले घटना से फरार आरोपी को गिरफ़्तार किया गया है।

प्रार्थीया ने लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 फरवरी की रात में अपने बच्चों के साथ कमरे में सोयी थी, उसी समय रात 11.30 बजे करीबन आरोपी टेकनारायण निषाद घर के अंदर घुसकर प्रार्थिया की बेईज्जती करने के नियत से हाथ बाह को जोर पकड़ कर बल प्रयोग करते हुए छेड़खानी किया है। रिपोर्ट पर धारा 354,457 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया, जहां विवेचना के ▸▸ शेष पेज 11 पर

## छग मरार पटेल समाज के प्रादेशिक पदाधिकारियों ने समारोहपूर्वक शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

गिरौदपुरी में छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज का प्रादेशिक चुनाव एवं प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें सर्वप्रथम मरार समाज की आराध्य देवी मां शाकम्भरी का पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के नवनिर्मित पदाधिकारियों का समाज के प्रथम विधायक एवं प्रदेश महासंघ के संयोजक प्रेमचंद पटेल द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज का प्रादेशिक निर्वाचन कार्यक्रम का आरंभ हुआ। इसमें सर्वसहमति से छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज के प्रदेशाध्यक्ष–सुरेन्द्र पटेल, भूपेन्द्र पटेल, कुंदे लाल पटेल, परमानंद पटेल, भगवती प्रसाद पटेल, व्यासनारायण पटेल, सक्ति महासभा, शिव पटेल, प्रदेश संगठन जीवन पटेल, मुंगेली महासभा, विजय पटेल, प्रदेश संरक्षक–प्रेम पटेल, देवचरण पटेल, रामचंद्र ▸▸ शेष पेज 11 पर

## सौहार्द्रपूर्वक होली मनाने हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

होली पर्व के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एसपी पुष्कर शर्मा उपस्थित थे। यह बैठक आगामी होलिका दहन व रंग पर्व पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर बैठक आयोजित की गई। इसमें कलेक्टर ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए होली पर्व को पूर्ण रूप से शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने व इस पर्व को किसी भी प्रकार से परेशानी पैदा करने वाला ना बनाने की अपील की। एसपी शर्मा ने सभी को हेलमेट पहनने व सावधानी से वाहन चलाने व होलिका दहन सुरक्षित स्थानों पर करने व किसी भी प्रकार की फूहड़ता ना करने या त्यौहार के नाम से किसी को भी अनावश्यक रूप से परेशान ना करने की अपील करते हुए किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में पुलिस टीम या 112 की टीम को सूचित करने का सुझाव दिया। इसके साथ ही सभी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने कानून व्यवस्था, पुलिस गश्त ,एनाऊंसमेंट अपील कराने, विद्युत आपूर्ति, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने सम्बन्धी सुझाव दिए गए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर शैलाभ साहू, एसडीएम वासु जैन, एएसपी चंदेल सहित जिले के पत्रकार गण उपस्थित थे।

## इस योजना का लाभ लेने से क्षेत्रवासी हो रहे वंचित

# आयुष्मान कार्ड का यहां के अस्पतालों में नहीं मिला रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटपारा

मानव सुविधाओं में सबसे बड़ी सुविधा और अहम आवश्यकता है स्वास्थ्य सुविधाएं। स्वास्थ्य का संकट सीधे मनुष्य के अस्तित्व पर प्रहार करता है। इसलिए इस सुविधा का दिनों दिन विस्तार एवं जन सामान्य तक पहुंच नितांत आवश्यक है। किसी भी सरकार की संवेदनशीलता और सफलता इसी पैमाने के आधार पर आंकी जाती है कि स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उसकी क्या प्राथमिकता है। इस लिहाज से देखा जाए तो सरकार द्वारा लागू की गई आयुष्मान भारत योजना सरकार की संवेदनशीलता और इस दिशा मे गंभीरता को परिभाषित करती हुई प्रतीत होती है। इसमें सालभर में पांच लाख की चिकित्सीय मदद की सुविधा है और निजी अस्पतालों में भी इलाज का प्रावधान है, लेकिन वह अस्पताल इस योजना के लिए चिन्हांकित होना चाहिए। यही प्रावधान भाटापारा क्षेत्र के लिए दुखदायी साबित हो रहा है एवं इस महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना से क्षेत्र वंचित नजर आ रहा है।

## जागरूक लोगों ने विधायक को सौंपा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन

### सरयू साहित्य का संघर्ष विधायक को ज्ञापन

जन सरोकारों के मसले पर सदैव सक्रियता का अनुसरण करने वाली सेवा सम्मान एवं सौहार्द के सूक्ति वाक्य से संचालित सरयू साहित्य परिषद द्वारा सर्वजन से जुड़े इस पीड़ा एवं परेशानी को महसूस करते हुए संघर्ष का पथ अख्तियार किया गया है एवं एक हजार से अधिक जन हस्ताक्षरित ज्ञापन विधायक इंद्र साव को सौंपा। मांग की गई कि सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना का क्रियान्वयन नजर आये। ज्ञापन देने वालों में गौरीशंकर शर्मा, मुकेश शर्मा, अजय तिवारी, हरिहर शर्मा दिनेश शर्मा एवं हलधर महाराज प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



### विधानसभा में उठाऊंगा मुद्दा

जनसंवेदना एवं आवश्यकता से जुड़े इस अहम मसले का समर्थन करते हुए विधायक इन्द्र साव द्वारा कहा गया कि क्षेत्र की जनसंख्या एवं आवश्यकता के लिहाज से ऐसी महत्वपूर्ण योजना का संचालन महज एक अस्पताल में होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उपरोक्त विडम्बना को भविष्य में विधानसभा पटल में भी रखने की बात भी उनके द्वारा कही गई।

### एक अस्पताल के चिन्हांकन की दुखद स्थिति

वृहद सरोकारों के शहर भाटापारा जिसकी पहचान एक समृद्ध व्यापारिक शहर के रुप में होने के साथ ही आयोजन एवं धार्मिक आयामों में भी विशिष्ट स्थान है, लेकिन जन सुविधाओं की उपलब्धता के नजरिये से इस क्षेत्र को देखा जाए तो क्षेत्र बहुत पीछे खड़ा नजर आता है। जिसकी बानगी इसी से स्पष्ट होती है कि व्यापक जन सरोकार वाले शहर में स्वास्थ्य योजना आयुष्मान योजना जैसी अत्यंत आवश्यक एवं संवेदनशील योजना का क्रियान्वयन मात्र एक निजी अस्पताल में होता हुआ नजर आता है, वह अस्पताल भी अस्थि से जुड़ा प्रकल्प है। जाहिर है अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भाटापारा में आयुष्मान का कोई संबल नहीं है चिकित्सीय विपदा के समय कोई राहत नहीं है।

हरिभूमि पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# 20 हजार शिक्षक जांचेंगे 6 लाख छात्रों की कॉपियां, स्पष्ट रूप से लिखने होंगे प्राप्तांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ ऑनलाइन बैठक में दिए गए मूल्यांकनकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश

छात्रों द्वारा परीक्षाओं में प्राप्त अंकों का उल्लेख मूल्यांकनकर्ताओं को स्पष्ट रूप से करना होगा। इसके साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि कोई प्रश्न बगैर जांच के ना रह जाए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं की ऑनलाइन बैठक बुधवार को ली गई। इसमें मूल्यांकन संबंधित जानकारियां देने के साथ ही वे बिंदु साझा किए गए, जिसका ध्यान विशेष रूप से शिक्षकों को कॉपियों को जांचने के दौरान रखना होगा। दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में शामिल 6 लाख छात्रों की कॉपियां जांचने के लिए 20 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 42 हजार तथा बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 55 हजार छात्र शामिल हुए हैं। इसी तरह इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले नियमित अभ्यर्थियों की संख्या 12 हजार है। मंडल द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 23 मार्च से शुरू किया जा रहा है। रायपुर में बनाए गए 2 केंद्रों सहित पूरे प्रदेश में 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

### राजधानी के 2 सेंटर सहित प्रदेश के 36 मूल्यांकन केंद्र में 23 से जांची जाएंगी कॉपियां

#### छात्रों की वर्षभर की मेहनत का आकलन

मंडल सचिव पुष्पा साहू ने गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी मूल्यांकन के लिए समस्त मूल्यांकन केन्द्राधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम किसी विद्यार्थी की वर्षभर की मेहनत का आकलन है। यह विद्यार्थी की दशा एवं दिशा दोनों को प्रभावित करता है, अतः मूल्यांकन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ संपन्न किया जाए। समय-सीमा में मूल्यांकन पूर्ण हो जाए, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।




#### किसी भी प्रश्न को ना छोड़ें अमूल्यांकित

सही उत्तर का स्पष्ट अंकन बाएं तरफ किए जाने, उत्तरपुस्तिका में अंकों का स्पष्ट अंकन किए जाने, पृष्ठवार अंकों का सही योग किए जाने, जांचकर्ता द्वारा अंकों का मिलान करके ही हस्ताक्षर किए जाने तथा उत्तर अमूल्यांकित न छोड़े जाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश दिए गए। दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन हो, यह सुनिश्चित करने कहा गया है। मूल्यांकन केंद्राधिकारियों द्वारा अपनी समस्याएं भी इस दौरान साझा की गई। इनके निराकरण के लिए भी उन्हें आश्वस्त किया गया। सूत्रों के अनुसार, मई के प्रथम पखवाड़े में परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### समर कैंप में बच्चों ने सीखी अनेक विधाएं

रायपुर। शिवांश इंटरनेशनल स्कूल काठाडीह में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को किया गया। इस समर कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों सहित स्कूल और आसपास के करीब 900 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप में बच्चों को जुंबा, डांस, म्यूजिक, योगा, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कोडिंग, रोबोटिक्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, अबेकस, वैदिक मैथ्स, मेंटल मैथ्स, सेल्फ डिफेंस, पॉटरी मेकिंग, सिखाया गया। समर कैंप के समापन के अवसर पर स्कूल की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया तथा उनके द्वारा सीखी गई कला को जीवन भर संवारने की सलाह दी।

### छात्र-छात्राओं सहित 150 लोगों ने किया भोजन



रायपुर। लायंस क्लब रायपुर डायमंड की ओर से शासकीय योजनानुसार शासकीय मीडिल स्कूल बढ़ईपारा में बुधवार को भोज न्योता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित 150 लोग लाभान्वित हुए। इसके अंतर्गत स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। मनशीश केजू ने बताया कि हाईस्कूल की प्राचार्य गायत्री शर्मा, प्रधान पाठिका प्रणीता सोनी सहित माध्यमिक तथा हाईस्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने भोजन किया। संकुल समन्वयक राजेंद्र बंजारे भी शरीक हुए। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट माला पॉल, अध्यक्ष नीतू निर्मलकर, कोषाध्यक्ष संगीता सालोमन, हेमंत निर्मलकर, अरुण सालोमन, ऋषिका झा, ऋषि, शिखा, डीके दानी ने सभी को भोजन परोस कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराईं।

### नातिन धोबिन दाई मेला के लिए सीएम को आमंत्रण



रायपुर। छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने नातिन धोबिन दाई मेले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। साथ ही सहमति मिलने पर रजक महोत्सव का आयोजन करने की भी जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह धोबी जाति को छग में अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। धोबी के कार्य केवल धोबी को ही मिले दूसरे जाति के लोग इस कार्य में डाका डाल रहे हैं उस पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था महाराष्ट्र में लागू है और उदाहरण सप्रमाण प्रस्तुत किया। मेडिकल कॉलेज, अस्पतालों, मल्टीनेशनल होटल में गैर धोबी जाति को वेंडर नहीं बनाने का भी अनुरोध किया। सीएम ने समाज की मांगों को गंभीरता सुनी और कहा कि जो मांग जायज है अवश्य पूरी की जाएगी। इसी दौरान हेमंत निर्मलकर, धनेश्वर निर्मलकर, कुंभ निर्मलकर, अमन निर्मलकर समेत समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दो नर्सों सहित चालीस फीसदी स्टाफ के भरोसे चल रहा उपचार

# सौ बिस्तरों का आरएलटीआरआई सफेद हाथी भर्ती कुष्ठ मरीजों को खाने थाली भी नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कुष्ठ प्रभावितों को उपचार की सुविधा देने के उद्देश्य से लालपुर में संचालित क्षेत्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आरएलटीआरआई) सफेद हाथी साबित हो चुका है। यहां इलाज के लिए सौ बिस्तरों की व्यवस्था तो कई गई है, मगर केवल चालीस प्रतिशत स्टाफ होने की वजह से मरीज आने से कतरा रहे हैं। स्थिति यह हो चुकी है कि दूसरे जिलों से आकर यहां भर्ती होने वाले मरीजों को खाने के लिए थाली के बजाए प्लास्टिक की थैलियों में खाना दिया जा रहा है।

लालपुर में करीब 45 साल पहले आरएलटीआरआई की स्थापना की गई थी। यहां कुष्ठ प्रभावित मरीजों की जांच और उपचार की सुविधा देने की योजना थी, मगर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की उदासीनता की वजह से उसका उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार यहां मरीजों के इलाज के लिए भर्ती करने के लिए सौ बिस्तरों की व्यवस्था की गई है, मगर 75 बेड का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कभी बीस तक नहीं पहुंच पाई है। इसकी एकमात्र वजह यहां चिकित्सकीय स्टाफ की कमी को माना जाता है। संस्थान में 11 चिकित्सक, 6 नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य के 50 पद स्वीकृत हैं, मगर काम करने वालों की संख्या महज बीस है। इसमें 6 डाक्टर और मात्र दो नर्स हैं, जिन्हें रोटेशन के आधार पर ड्यूटी करनी पड़ती है। विभिन्न तरह की जांच सुविधाओं का अभाव, दवाइयों की कमी की वजह से भी मरीज यहां इलाज के लिए नहीं आना चाहते। भर्ती होने वाले मरीजों के लिए यहां किचन में खाना बनाने का नियम है, मगर संख्या कम होने की वजह से उन्हें बाहर से लाकर खाना परोसा जाता है और थाली के बजाए उन्हें प्लास्टिक की थैलियों में भरकर खाना दिया जाता है।

#### केस-1

महीनेभर पहले इलाज के लिए लालपुर अस्पताल में भर्ती हुआ मरीज पिथौरा निवासी लल्लू यादव के मामा दमोदर ने बताया कि छुट्टी होने के बाद अस्पताल स्टाफ ने दवा नहीं होने का हवाला देकर बाहर से थैलीडोमाइड नामक दवा खरीदने कह दिया। इसके लिए उसे पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं।

#### केस-2


भिलाई के रोशन विश्वकर्मा ने बताया कि चार दिन पहले अस्पताल से घर लौटा, तो उसे भी यह महंगी दवा बाहर से खरीदनी पड़ी। संस्थान के चिकित्सकीय स्टाफ ने माली हालत का हवाला देकर दवा देने के निवेदन पर उसे झिड़ककर बाहर से खरीदने की नसीहत दे डाली।





#### दवाइयां तक नहीं मिल रहीं

उपचार के लिए यहां दूसरे जिलों से आने वाले मरीजों को दवाइयों के लिए भी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान तो उन्हें दवा मिलती है, मगर छुट्टी होने के बाद उन्हें महंगी दवा खरीदनी पड़ती है, जबकि कुष्ठ पीड़ितों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।



#### केंद्रीय स्तर पर व्यवस्था

स्थानीय स्तर पर जो समस्याएं सामने आ रही हैं, उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। चिकित्सकीय सहित अन्य स्टाफ की भर्ती केंद्रीय स्तर पर की जाती है। इसके लिए समय-समय पर प्रस्ताव भेजा जाता है।

- डॉ. संदीप जोगदंड, निदेशक, आरएलटीआरआई लालपुर

#### कमरे में कैद एक्स-रे मशीन

संस्थान में करीब आठ माह पहले एक्स-रे मशीन की व्यवस्था की गई है, मगर अब तक इसका उपयोग शुरू नहीं हुआ है। मशीन के साथ लगने वाला कंप्यूटर सहित अन्य पार्ट्स नहीं होने की वजह से उसे कमरे में बंद कर दिया गया है। संस्थान में प्रतिदिन बीस से पच्चीस मरीज ओपीडी में आते हैं। जिन मरीजों के लिए जांच आवश्यक होती है, उन्हें जिला अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ती है अथवा निजी संस्थानों में जाकर जांच के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

#### पोस्ट आपरेटिव देखभाल का अभाव

लेप्रोसी सहित अन्य जनरल सर्जरी भी यहां पर्याप्त संख्या में नहीं हो पा रही है। इसकी वजह पोस्ट आपरेटिव देखभाल के लिए नर्सिंग स्टाफ का अभाव है। महज दो नर्स होने की वजह से रात्रि में देखरेख की समस्या के कारण ज्यादा मरीजों की सर्जरी नहीं का जा सकती। चिकित्सकों का मानना है कि अस्पताल में प्रतिदिन एक दो सर्जरी होनी चाहिए, मगर सीमित संसाधन होने की वजह से वहां आधे से भी कम ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

## विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर दांतों के डाक्टरों ने किया लोगों को जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ शासकीय डेंटल कालेज का आयोजन

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दंत चिकित्सकों ने विभिन्न तरीकों से लोगों को दांतों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करने का प्रयास किया। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, रैली, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मौके पर ओल्ड एज होम में शिविर लगाकर वहां रहने वालों के दांतों की जांच की गई। उन्हें दांतों की सुरक्षा पर जागरूक करते हुए सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि व्यक्ति के मौखिक स्वास्थ्य उनके मौखिक स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले अभ्यासों से जुड़ी होती है। मौखिक स्वास्थ्य समग्र कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें दांतों की सफाई, आहार और निवारक उपाय शामिल है। इसे अनदेखा करने से सड़न और मसूड़ों के रोग हो सकते हैं। अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित डेंटल जांच करना महत्वपूर्ण है, जो एक स्वस्थ मुस्कान और समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। समारोह की सफलता के लिए कालेज के प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र वाढेर के मार्गदर्शन में, विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिंद वासनीक, प्रभारी अधिकारी डॉ. शिल्पा जैन, सहअधिकारी डॉ. सोपान सिंह, डॉ. राम कृष्ण चेव्वुरी, डॉ. अभिनव पारख, पीजी स्टूडेंट्स डॉ. पूनम नारंग और डॉ. आरुहि सिन्हा, प्रथम वर्ष से अंतिम वर्ष के छात्र, इंटर्न्स एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।

# 6 माह के लिए फायरब्रिगेड महकमे को निगम ने दी जमीन 12 साल जमे रहे, अब जमीन के स्थायी आवंटन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप की जमीन का मामला
■ निगम की 500 गाड़ियों के रखने का है ठिकाना, वर्कशाप भी
■ निगम प्रशासन पशोपश में, कहा हमारी प्रापर्टी, अग्निशमन विभाग को देने में होगी दिक्कत



6 माह के लिए अस्थायी रूप से फायरब्रिगेड के वाहनों को रखने अग्निशमन विभाग ने नगर निगम की टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप वाली जमीन मांगी। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्ष 2012 में निगम ने उसे जमीन उपलब्ध कराई।

12 साल बीतने के बाद भी दमकल विभाग न तो अपनी गाड़ियों को रखने स्थायी जगह ढूंढ पाया, न ही मोटर वर्कशाप की जमीन खाली की। अब उसी जमीन को स्थायी रूप से आवंटित करने अग्निशमन विभाग ने शासन से मांग की है, जबकि निगम प्रशासन का कहना है, टिकरापारा के मोटर वर्कशाप वाली जमीन निगम की प्रापर्टी है, उसे अग्निशमन विभाग को देने में असुविधा होगी। सूत्रों के मुताबिक इस पर विचार मंथन चल रहा है। टिकरापारा स्थित नगर निगम के मोटर वर्कशाप वाली जमीन को लेकर निगम प्रशासन और अग्निशमन विभाग आमने-सामने हैं। हाल ही में अग्निशमन विभाग की ओर से नगर निगम प्रशासन के पास मोटर वर्कशाप वाली जमीन के स्थायी आवंटन की मांग आई है। नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे का कहना है, फायर ब्रिगेड आवश्यक सेवा है, इस लिहाज से पूर्व में 6 माह के लिए अस्थायी रूप से अग्निशमन विभाग को मोटरवर्कशाप की जमीन पर वैकल्पिक व्यवस्था होते तक दमकल गाड़ियों को खड़ा रखने की सुविधा दी गई। चूंकि यह निगम की प्रापर्टी है, इसलिए इसे अग्निशमन विभाग को स्थायी रूप से देने में असुविधा होगी।

#### 500 गाड़ियों के रखने का एकमात्र ठिकाना है मोटर वर्कशाप

मोटर वर्कशाप विभाग के विभागीय अधिकारियों का कहना है, नगर निगम के 10 जोन और निगम मुख्यालय के अलग-अलग विभागों की गाड़ियों को मरम्मत के लिए रखा जाता है। करीब 500 गाड़ियां इस वर्कशाप में वर्तमान में रखी जा रही हैं। इसी जगह से नगर निगम 10 जोन की सफाई, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की गाड़ियों में ईंधन की व्यवस्था बनाई गई है। निगम का अपना अलग से पेट्रोल पंप इसी जगह संचालित है। नगर निगम ने अग्निशमन विभाग के आला अधिकारियों को पूर्व में भी टिकरापारा के मोटर वर्कशाप की जमीन खाली करने ध्यान आकर्षित कराया, पर बात नही बन पाई।

#### नगर निगम जोन 6 का दफ्तर रहा टिकरापारा की मोटर वर्कशाप वाली जमीन पर

सूत्रों के मुताबिक जिस जमीन पर नगर निगम का मोटर वर्कशाप संचालित है, वहां पहले नगर निगम जोन 6 का दफ्तर हुआ करता था। मोतीबाग के पास राजीव गांधी चौक के समीप पूर्व में फायर ब्रिगेड का आफिस संचालित था। अग्निशमन विभाग पहले नगर निगम का हिस्सा हुआ करता था। 12 साल पूर्व सड़क चौड़ीकरण के दौरान राजीव गांधी चौक स्थित दमकल विभाग के पुराने दफ्तर को वहां से हटाकर अस्थायी रूप से टिकरापारा के मोटर वर्कशाप में शिफ्ट किया गया। विदित हो, पहले नगर निगम की एमआईसी के 14 विभागों में विद्युत अभियांत्रिकी व अग्निशमन विभाग प्रमुख रूप से शामिल रहा। बाकायदा एमआईसी में इस विभाग के भारसाधक सदस्य की व्यवस्था रही। बाद में नगर निगम ने अग्निशमन विभाग की सेवाओं को गृह विभाग को हैंडओवर कर दिया। वर्तमान में यह विभाग गृह विभाग के अधीन संचालित है।

# आईजी ने राजपत्रित के साथ टीआई की मीटिंग लेकर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आगामी लोकसभा चुनाव तथा होली को देखते हुए आईजी अमरेश मिश्रा ने जिले के रेंज के सभी राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ टीआई की बैठक ली। बैठक में एसपी संतोष सिंह भी शामिल हुए। बैठक में आईजी ने पुलिस अफसरों को शहरी के साथ कस्बों में अव्यवस्था एवं अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण के लिए अर्बन डिसआर्डर मिटिगेशन प्लान के तहत क्षेत्रों को चिन्हांकित करते हुये कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में आईजी ने आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये शांतिपूर्ण चुनाव करवाने एवं समस्त व्हीआईपी मूवमेंट में सजगतापूर्वक ड्यूटी करने पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं। साथ ही अपराधों की विवेचना, समंस-वारंट की तामिली, जुआ-सट्टा या नशे का सामान, कबाड़ी एवं अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कार्रवाई तेज करने निर्देश दिए। डायल 112 या अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेने के लिए निर्देश दिए हैं।

■ चुनाव को देखते हुए अपराध पर अंकुश लगाने के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने दिए निर्देश

#### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश

होली में हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने आईजी ने निर्देश दिए हैं। साथ ही होली के पूर्व फ्लैग मार्च करने के साथ गुंडे बदमाशों की धरपकड़ तेज करने आईजी ने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही होली के समय शराब पीकर या तीन सवारी दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटक व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त करने आईजी ने निर्देश दिए हैं। आईजी ने मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सूखा नशे का कारोबार करने वालों की पहचान करने मुखबिर तंत्र को और मजबूत करने आईजी ने निर्देश दिए हैं।

## मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में हुई कार्यशाला

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। कलेक्टर ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे। आप जितना कुशल प्रशिक्षित रहेंगे निर्वाचन प्रक्रिया उतना ही सरल होगी। आपके कुशल दक्षता से मतदाताओं को भी सहयोग होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि आप सभी को क्राइसेस मैनेजर की भूमिका का निर्वहन करना है। आपको यह बताना होगा कि चुनौती और संकट का सामना किस प्रकार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस निर्वाचन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि निर्वाचन में ड्यूटी लगे कर्मचारियों का मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर को मतदाता सूची के चिन्हित, प्रति, डाक मतपत्र, ईडीसी, मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, ईवीएम, वीवीपैट मतदान की प्रक्रिया चुनौतियां आदि के बारे में विस्तृत में बताया गया।

## नगर निगम का राजस्व विभाग की कार्रवाई

# 4 लाख रुपए बकाया, भुगतान नहीं करने पर दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में नगर निगम के राजस्व विभाग ने पुराने बड़े बकायेदारों से वसूली करने मुहिम छेड़ी हुई है।

इसके तहत बुधवार को टीम ने जोन 5 के वार्ड क्रमांक 41 में एक दुकान को सील करने की कार्रवाई की। इस दुकान के संचालक ने पिछले कई वर्षों से संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है।

बकाया राशि को लेकर विभाग संचालक को कई बार नोटिस भी जारी किया गया, बावजूद वह बकाया राशि अदा नहीं कर रहा था। विभागीय टीम ने अब इस दुकान में ताला लगाकर उसे सीलबंद कर दिया। दुकान के संचालक का नाम अनिमेष मिश्रा है।



#### कार्रवाई के भय से करने लगे बकाया राशि का भुगतान

राजस्व विभाग की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण पिछले कई सालों से शहर के कई छोटे-बड़े दुकानों के संचालकों ने संपत्ति कर अदा नहीं किया है। इसके कारण ऐसी दुकानों पर लाखों रुपए बकाया हो गया है। ऐसे बकायेदारों से बकाया की राशि वसूलने राजस्व विभाग अब अभियान चला रहा है। इस अभियान का भय बकायेदार दुकान संचालकों पर भी दिखाई दे रहा है, क्योंकि बकाया अदा नहीं करने पर विभाग दुकान को सीलबंद के बाद कुर्की की कार्रवाई भी कर रहा है। विभाग की इस कार्रवाई से बचने के लिए कई दुकानदार तत्काल बकाया राशि का भुगतान भी कर रहे हैं। जोन 8 क्षेत्र में स्थित पार्थिवी ग्रुप के संचालक शैलेश वर्मा ने सीलबंद की कार्रवाई से बचने के लिए 24 घंटे के भीतर 18 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान कर दिया, जबकि उस पर 22 लाख रुपए बकाया है। विभाग ने संचालक को शेष बकाया राशि को भुगतान करने के लिए समय दिया है।

### स्मार्ट सिटी एमडी ने किया छुहिया तालाब का निरीक्षण

रायपुर। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने टिकरापारा के समीप लगभग दो एकड़ क्षेत्र में बने छुहिया तालाब में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। तीन दशक पुराने इस तालाब का कायाकल्प रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कर रहा है। उन्होंने अंतिम चरण के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश प्रभारी इंजीनियर एवं कार्य एजेंसी को दिए है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के छुहिया तालाब को प्रदूषण मुक्त रखने एवं इसके कायाकल्प की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक मीटर चौड़ाई के नालियों का निर्माण कर तालाब में पहुंचने वाले प्रदूषित जल को डायवर्ट करने की व्यवस्था की गई है।

# खबर संक्षेप

## चाकूबाजी की घटना में तीन दिन बाद एफआईआर

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने तीन लड़के तथा उनके साथियों के खिलाफ हत्या की कोशिश सहित बलवा का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक राज रक्सेल की शिकायत पर पुलिस ने अमीत अहमद, अनश खान, कसीम तथा अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। राज ने पुलिस को बताया है कि 17 मार्च को देर शाम बदमाशों ने उसके बेटे रवि की कार को रोककर उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

## कार पलटी, बड़ा हादसा टला



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में मेडिकल कालेज में पढ़ने वाले छात्र की कार पलटने से बड़ा हादसा टल गया। घटना एक्सप्रेस वे में देर रात की है। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार देर रात की है। मेडिकल कालेज में पढ़ने वाला डॉ. राहुल वर्मा अपनी कार से शंकर नगर से तेलीबांधा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कार के सामने एक स्ट्रीट डॉग आ गया। कुत्ते को बचाने के लिए राहुल ने कार को साइड किया, तो कार फूटपाथ पर चढ़ कर पलट गई। कार में लगे एयर बैग खुलने की वजह से राहुल को मामूली चोटें आई हैं। कार का शीशा तोड़कर राहुल को बाहर निकाला गया।

## पेज 9 के शेष

### महिला से छेड़छाड़ ...

घटना दिनांक से फरार आरोपी के पतासाजी हेतु मुखबीर लगाया गया था। 20 मार्च को मुखबीर के बताये अनुसार आरोपी अपने परिवार से मिलने आया है कि सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर जेल भेजा गया।

### छग मरार पटेल...

पटेल, साधुराम दीवान, रामकुमार पटेल, दुर्गा प्रसाद पटेल सर्वसहमति से मनोनित हुए। इस समारोह में पूरे प्रदेश के सभी क्षेत्रों से सामाजिक पदाधिकारीगण एवं सदस्य हजारों की संख्या सम्मिलित हुए। साथ ही साथ बाबा गुरु घासीदास के तपोभूमि से आशीर्वाद लेने भी पहुंचे। ज्ञात हो कि नगर भटगांव से पहली बार कोई किसी समाज से प्रदेश स्तर के पद पर आसीन हुए हैं। इस पर पूरा नगर व सभी सामाजिक वर्गों में हर्ष व्याप्त है। वहीं भैया पटेल के नगर आगमन पर पटेल समाज भटगांव एवं समस्त व्यापारी संघ द्वारा आतिशबाजी एवं मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई।

# किसानों की रोपा लगाने की चिंता हुई दूर, नई मशीन का प्रदर्शन सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

धान फसल की रोपाई के लिए अंचल में नई मशीन आने से खेती में नई क्रांति आने की संभावना बनी है। सन साइन मोटर्स द्वारा कुबोटा कंपनी ने उन्नत शील किसान वामन कुमार टिकरिहा ने अपने 2 एकड़ खेत में ग्रीष्मकालीन धान के लिए इस नई मशीन से रोपाई का प्रदर्शन कराया, जो काफी सफल रहा है और महज 2 घंटे में रोपाई का कार्य पूरा हो गया। इस प्रदर्शन को देखने के लिए अंचल के डेढ़ सौ से अधिक किसान वामन टिकरिहा के खेत में उपस्थित थे। पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं अधिवक्ता दिनेश यदु, भटभेरा समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं उन्नतशील कृषक संतोष चंद्राकर एवं हरीश वर्मा रोपाई कार्य के प्रदर्शन को देखने के लिए विशेष रूप से उपस्थित थे, ताकि आने वाले समय में वे भी अपने खेतों में इस तकनीक को अपना सके।

इस पद्धति में थरहा यानी क्यारी डालने के लिए प्लेटों की आवश्यकता होती है, जिसमें भुरभुरी मिट्टी डालकर बीज डालकर नर्सरी तैयार की जाती है। नर्सरी 15 दिनों में तैयार हो जाती है। उसके बाद धान रोपने वाली मशीन में डालकर 1 घंटे प्रति एकड़ के हिसाब से इसकी रोपाई कर दी जाती है और वहां दो व्यक्ति इस मशीन को ऑपरेट करने के लिए सक्षम होते हैं।

### कृषि लागत काम आएगी

प्रदर्शन देखने वाले किसानों ने इस पद्धति की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में जोताई और कटाई की तरह रोपाई भी मशीन से होगी, जिससे लोगों को कृषि लागत काम आएगी और समय पर काम हो सकेगा, जिससे किसान कम लागत में अधिक उत्पादन ले पाएंगे।

### रोपाई मशीन देखने बड़ी संख्या में पहुंचे आसपास के किसान



### सही मात्रा में खेत में सिंचाई होती है कम समय लगता

विदित हो कि खेतों की जोताई के लिए ट्रैक्टर और कटाई के लिए हार्वेस्टर खरपतवार नाशक कीटनाशकों के आने से बीते कुछ दशकों से किसानों को काफी सुविधा मिली है, लेकिन बीते कुछ सालों से मजदूरों की काफी समस्याओं के कारण रोपाई का कार्य काफी कठिन हो रहा है। दरअसल प्रति एकड़ रोपाई की कीमत 4500 हजार रुपए से 5000 तक मजदूरी लेने के बावजूद मजदूर मिल नहीं पाने के करण या तो रोपाई ही नहीं कराते और यदि कराते भी है तो फसल का उत्पादन काफी गिर जाता है जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है। कृषक संतोष चंद्राकर एवं हरीश वर्मा ने बताया कि कीटनाशक एवं खरपतवारों के छिड़काव के लिए ड्रोन आ चुका है, जिसमें सही मात्रा में खेत में सिंचाई होती है कम समय लगता है और कम लागत आती है, लेकिन रोपाई कराना समस्या बनी हुई है। लोगों ने कहा कि रोपा लगाने वाले इस मशीन से निर्धारित वर्तमान परंपरागत पद्धति से आदि कीमत यानी 3000 रूपये प्रति एकड़ में रोपाई की जा सकेगी।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी पायलट के स्वागत में कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली

# लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत से कांग्रेस को मिलेगी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



छत्तीसगढ़ प्रभारी और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट गुरुवार को बलौदाबाजार जिले के कसडोल नगर पहुंचे, जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान कसडोल नगर के शीतला माता चौक से गायत्री चौक तक बाइक रैली निकाली गई। गायत्री चौक के पास सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट, लोकसभा प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, कसडोल विधायक संदीप साहू का फूल माला से स्वागत किया। मंच को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से शिव डहरिया को, आप सबके भरोसे पर प्रत्याशी बनाया गया है। यह चुनाव महत्वपूर्ण है, न छत्तीसगढ़ के लिए बल्कि देश के लिए, जिस प्रकार से आप लोगों ने सहयोग देकर नौजवान को विधायक बनाया। इस बार देखना यह हैं कि इस पूरे लोकसभा क्षेत्र में कसडोल से हम कितना वोट से जितते हैं ये आप पर निर्भर करता है। मेरा आपसे निवेदन है एक-एक व्यक्ति कड़ी मेहनत कर उम्मीदवार बनकर प्रचार करें और मतदान के दिन कांग्रेस को इस विधानसभा क्षेत्र में बहुमत मिले ये निवेदन करने के लिए हम सब आपके बीच पहुंचे हैं। इसके बाद श्री पायलट गिरौदपुरी दर्शन के लिए निकल गए। इस दौरान तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सचिव पायलट के स्वागत में लगे नारे



गिधौरी। छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का गुरुवार को गिधौरी बस स्टैंड के पास में जोरदार स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार सचिन पायलट गुरुवार से रायपुर से जांजगीर चांपा प्रवास पर है। इस दरमियान वे गुरुवार को दोपहर गिधौरी में बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। साथ में छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, जांजगीर चांपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया व कई शीर्ष नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। सैकड़ों के तादात में उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था एवं सभी कार्यकर्ताओं ने अपने शीर्ष नेताओं के साथ जांजगीर के लिए रवाना हो गए। विधायक कविता प्राण लहरे, ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, दीपक टंडन, लव साहू, नेमीचंद केसरवानी, छत्रसाल साहू, असारत खान, इंदु पडवार, शेख अलीमुद्दीन, शंकर नारंग, एफ एल खटकर, हरनारायण साहू, संतोष देवांगन, धर्म वर्मा मोती साहू, दिनेश देवांगन, भुरवा सिंह गौड़, लक्ष्मी पटेल, साधु देवांगन, दीपक बबलू खान, शैलेन्द्र देवांगन, हर नारायण साहू, मोहन रात्रे, रजनी बघेल, शांति बंजारे, सतीश साहू, मोती साहू, सनित कुर्रे, दयाल कोसले, डॉ. बसंत बनर्जी, पुष्पा लहरे, यादराम हिरवानी, धनेश यादव, सुमीत अग्रवाल, शत्रुघन जायसवाल, उर्मिला कुर्रे, गायत्री भारद्वाज, जीधन आदित्य, जान मोहम्मद खान, धनीराम नाग, रामकुमार नायक, हेमलाल बरीह, पवन बरिह, तुकेश्वर सालिकराम, पटेल, गोपाल यादव, बलराम देवांगन, लखेश्वर देवांगन, संतोष देवांगन, सतीश पटेल, नाथुल कैवर्त्या, बहादुर केवट, भूपेंद्र यादव, जवाहिर पटेल, शिव वर्मा आदि के अलावा सैकड़ों लोगों ने आत्मीय स्वागत किया।



### दीपक के स्वागत में हुई आतिशबाजी

**कसडोल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद बस्तर दीपक बैज का गिरौदपुरी धाम एवं वीर भूमि सोनाखान दर्शन दौरे के दौरान प्रथम कसडोल आगमन पर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष मानस पांडेय के निर्देशानुसार जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष विमल अजय के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से कसडोल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा, पार्षद सेवती कैवर्त, महिला ब्लॉक कांग्रेस से लक्ष्मी साहू, शिवकुमारी राव, सतवंतिन कैवर्त, सुरसरी कैवर्त, झुना बाई, श्याम लता प्रदेश कार्यकारी समन्वयक हरिराम कैवर्त, अमृत साहू, पार्षद विकास यादव, रामायण राव, युवा नेता शेर सिंग ध्रुव, मीडिया प्रभारी छोटा चौहान, सुयस तिवारी, हेमेश दास, छात्र नेता चंदन जयसवाल, मनोज यादव, बनारसी चौहान, राहुल घृतलहरे, जवन्त साहू, तरुण पदवार, अभिषेक कुर्रे, अनीश निषाद, विशाल साहू, समीर कैवर्त, पूनम साहू, जय चेलक, विकास चौहान, अजय सेन एवं सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एनएसयूआई के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# भाजपा ने कार्यकर्ताओं को दिए चुनाव जीतने के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में लोकसभा चुनावों के लिए युवा मोर्चा की आवश्यक बैठक रखी गई, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ अतिथियों द्वारा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं को घर-घर तक सभी कार्यकर्ताओं को पहुंचाना है तथा जनता को सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनानी है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कहा कि सारी योजनाएं आपकी मेहनत एवं विश्वास का ही नतीजा है। आपने भाजपा को वोट दिया एवं मोदीजी का हाथ मजबूत किया, जिसकी वजह से आज देश के हर व्यक्ति तक अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही हैं। यह आमूलचूल परिवर्तन मोदीजी के इन दस वर्षों के कार्यकाल में ही संभव हो पाया है। अगर हम भाजपा को वोट देते हैं, इसका मतलब अपने परिवार के बेहतर स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करते हैं, इसलिए भाजपा ज़रूरी है। इन वक्तव्यों के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनीराम धीवर, विशिष्ट अतिथि रामप्रसाद साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष, मेलाराम साहू अध्यक्ष भाजपा मण्डल कसडोल, विशिष्ट अतिथि शीला वर्मा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि एवं मण्डल उपाध्यक्ष संतोष वैष्णव, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी एवं भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, जिला कार्यकारणी सदस्य सूजेलाल साहू, भाजयुमो जिला कार्यकारणी सदस्य कमल श्रीवास, वरीष्ट भाजयुमो कार्यकर्ता एवं सरपंच धर्मेन्द्र पैकरा, भाजयुमो मण्डल महामंत्री समारू कैवर्त्य, भाजयुमो मण्डल उपाध्यक्ष रेशम वर्मा एवं पुसऊ कैवर्त्य, भाजयुमो कोषाध्यक्ष कमल साहू, भाजपा युवा मोर्चा से राजेंद्र साहू, शनि यादव, रामा धीवर, राहुल रेहान, गौरी सेन, राज सोनी, शिव साहू, रवि कैवर्त्य, अजय श्रीवास, प्रदीप पाठक, संतोष, घनश्याम, पुष्पेंद्र, प्रतीक, सूर्या, ननकी, राजा यादव, शिवा राव, देवशरण यादव, पीयूष केंवट, रवि सेन सहित अनेक युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पारंपरिक होली विलुप्ति के कगार पर, आधुनिकता का रंग चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आज के आधुनिक युग में गुजरे जमाने की होली मनाने की पुरानी परंपरा विलुप्त होती दिख रही है। दो दशक पूर्व फागुन माह प्रवेश करते ही लोग होली त्योहार की तैयारी में जुट जाते थे। लोगों में त्योहार को लेकर काफी उत्साह रहता था, लेकिन आज के दौर में गुजरे जमाने की होली मनाने की परंपरा लगभग समाप्त हो चुकी है। बुजुर्गों ने बताया कि आज से करीब दो दशक पूर्व फागुन माह प्रवेश करते ही होली की तैयारी शुरू हो जाती थी। लोगों में होली को लेकर काफी उत्साह दिखता था। पुरानी संस्कृति के अनुसार शाम ढलते ही होली गीत गाने वालों की टोली जुटती थी। देर रात तक गीत गाने का दौर चलता रहता था। देवी-देवताओं पर आधारित होली गीत गाए जाते थे। होली की गीतों से पूरा गांव गुंजायमान रहता था। इसमें बुजुर्ग, युवा व बच्चे एक साथ बैठते थे। यहां तक कि एक परिवार के लोग साथ में होली गीत गाते थे। इस दौरान महिलाएं भी गीत सुनने के लिए पहुंचती थीं। अभी भी ग्रामीण इलाकों में कुछ जगहों पर परंपरागत गीत की धुन सुनाई पड़ती है। आज के दौर में ज्यादातर ध्वनि विस्तारक यंत्र से होली गीत सुनाई पड़ती है। गीत के बोल में अश्लीलता झलकती है।

### समाज के बुजुर्गों ने दिया होली त्योहार



### मारपीट की घटनाएं बढ़ी

बदलते परिवेश में पुरानी संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। आज फूहड़ गीत लोगों के सामने परोसे जा रहे हैं। इससे मारपीट की घटनाएं बढ़ गई है। सभ्य परिवार के लोग होली खेलने से परहेज करने

### सुरक्षा के बीच मनाई जाती है होली

बुजुर्गों ने बताया कि हमेशा होली पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाई जाती थी। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई देते थे। और आपस में कोई मारपीट व झगड़ा नहीं होता था। इसके लिए कोई बैठक तक नहीं होती थी। आज के दौर में होली पर्व पर पंद्रह दिनों से पूर्व से शांति समिति की बैठक होती है। और प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आदेश जारी किया जाता है। इसके साथ ही पर्व के दिन गली-मोहल्लों में पुलिस जवान को तैनात किया जाता है।

### कहते हैं बुजुर्ग

होली ने केवल रंगों का त्योहार है। बल्कि सामाजिक सद्भावना का पर्व है। पहले की होली काफी मनमोहक होती थी। फागुन महीना शुरू होते ही होली गीतों के माध्यम से देवी-देवताओं का सुमिरन किया जाता था। लेकिन अब होली ने अश्लीलता का रूप ले लिया है। पुरानी परंपरा व उन दिनों की बात ही समाप्त हो गई है। इसके साथ ही आपसी भाईचारा भी समाप्त हो चुका है।

## हथबंद में खुला हरिभूमि का क्षेत्रीय कार्यालय

**हथबंद।** स्थानीय संवाददाता राजु पाल द्वारा बलौदाबाजार रोड थाना के सामने में हरिभूमि का क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया। जहां क्षेत्रीय पत्रकार, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल हुए। पूजा अर्चना करते हुए पाल समाज तरेंगा राज अध्यक्ष अश्वनी जगदेव पाल द्वारा कार्यालय का शुभारंभ किया गया।



## आस्था साहित्य समिति की परिचर्चा कल

**महासमुंद।** नगर की साहित्य समिति आस्था के संयोजन में शहीदी दिवस पर 23 मार्च को परिचर्चा-क्रांतिवीरों का आजादी का योगदान का आयोजन किया गया। अपरान्ह 3:30 बजे यह आयोजन एस चंद्रसेन के निवास त्रिमूर्ति कालोनी में होगा। साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में स्वतंत्रता की बलिवेदी पर प्राणोत्सर्ग करने वाले भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु सहित सभी बलिदानियों को पुष्पांजलि देकर उनके व्यक्तित्व व राष्ट्रभक्ति की चर्चा होगी।

## बच्चों को परोसा गया दाल, चावल, सब्जी, अचार, पापड़ और खीर-पूरी

# स्व सहायता समूह की महिलाओं ने दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड सिमगा के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सकरी में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन संचालन समूह दुर्गा बहिनी स्व सहायता समूह एवं पूर्व माध्यमिक शाला में जय मां संतोषी बाहिनी स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। भोज में दाल, चावल, सब्जी, अचार, पापड़, खीर-पूरी, गुलाब जामुन एवं अंगूर फल परोसा गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत संकरी के सरपंच सुनीता ध्रुव, शालाप्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमलाल ध्रुव, सुरेंद्र वर्मा पूर्व माध्यमिक शाला फलेंद्र कैवर्त्य संकुल समन्वयक नवापारा, सेवानिवृत प्रधानपाठक दिलीपसिंह बघेल, गांव के वरिष्ठ नागरिक पूरन सिंह बघेल, भारतीय जनता पार्टी के दाऊ राजेंद्र बघेल, जयभारत बघेल मध्यान्ह भोजन संचालन समूह के अध्यक्ष मंजुलता बघेल, ईश्वरी बघेल पूर्व जनपद सदस्य सरस्वती बघेल, विमला बघेल, रूपा चौरे सुलेखा बघेल सुलेखा बघेल एवं ग्राम पंचायत सकरी के पंचगण रमैया ध्रुव पुष्पा वर्मा रामेश्वरी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रही।

### न्योता भोज के लिए एक हजार देने की घोषणा

साथ ही साथ प्राथमिक शाला में पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुख राजू लाल वर्मा, जयराम यादव, अवधेश वर्मा, सरिता वर्मा एवं सूर्य प्रकाश साहू के साथ मानसेवी सभी शिक्षिका नीता ध्रुव, कुमारी केशर वर्मा एवं हेमलता वर्मा के साथ गांव के सम्माननीय लोग एवं मातृ शक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं उक्त अवसर पर सरस्वती बघेल ने 2 अप्रैल को अपने पौत्र यशू बघेल के जन्मदिन में न्योताभोज कराने का घोषणा की तथा सेवानिवृत प्रधानपाठक डीएस बघेल ने इस तरह अगले आयोजन के लिए अपने तरफ से 1000 रुपए न्योता भोज के लिए देने की घोषणा किया। इसके लिए शाला परिवार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इसके बाद विद्यालय में एक बैठक आयोजित कर संकुल समन्वयक फलेंद्र कैवर्त्य द्वारा न्योता भोज के संदर्भ में विस्तृत जानकारी एवं प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। शाला में सिकलसेल जांच आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम भी न्योता भोज में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक स्कूल के बच्चों को दिया गया न्योता भोज

**भाटापारा।** शासकीय प्राथमिक शाला मेनहिंदी में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष पुरोहित द्वारा जन्मदिन पर विद्यार्थियों को न्योता भोज दिया गया। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि अपना जन्मदिन नौनिहाल बच्चों के साथ मना रहा हूं जो खुशी मेरे ह्रदय में हो रही है उसे शब्दों में कह पाना संभव नहीं है। विद्यार्थियों ने भी अध्यक्ष का करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। प्रधानाचार्य जितेंद्र शर्मा एवं शिक्षक साथियों ने पुष्पमाला से आशीष पुरोहित को जन्मदिन की बधाई दी। न्योता भोज पर आशीष पुरोहित एवं शाला के सभी शिक्षक बच्चों के बीच बैठकर खीर, पूरी, सब्जी खाये।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** नयापारा के शंकर मंदिर के पैसों के लेनदेन को लेकर युवक से मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी माधव कुर्रे पिता नरेश कुर्रे (22) वार्ड 08 नयापारा ने पुलिस को बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर आरोपी फैजान खान निवासी नयापारा ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### ओडिशा की शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने नदी चरौदा से लिलेसर मार्ग पर ओडिशा निर्मित शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी निर्मल साहू पिता मालिकराम (38) निवासी नदी चरौदा के कब्जे से 13400 एमएल चिड़िया छाप शराब कीमत 3350 रुपए व बिक्री रकम 400 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने ग्राम उतेकेल से आरोपी दुबेलाल निषाद पिता करमु निषाद (59) के घर से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है।आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) के तहत कार्रवाई की गई है।

### अधेड़ ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम छिबर्रा के खेमराज निर्मलकर पिता गोवर्धन निर्मलकर (50) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### स्कूल में मकसूदन को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव मध्यप्रदेश शासन स्व. मकसूदन लाल चंद्राकर के निधन पर ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्व. नीलकंठ साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला एवं पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने प्रार्थना की गई। शाला परिवार ने शाला के प्रारंभ से आज तक के सहयोग को स्मरण किया तथा शाला परिवार अपनी अपूर्णीय क्षति बताई। इस अवसर पर अध्यक्ष माधवराव टांकसाले मौजूद रहे।

# हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, क्षेत्र में धारा 144 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवा

स्थानीय थाना परिसर सरसींवा में मंगलवार को होलिकोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तहसीलदार रुपाली मेश्राम की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। तहसीलदार ने कहा कि हर बार गिरसा के पास असामाजिक तत्त्वों द्वारा आने जाने वाली गाड़ियों पर पत्थर फेंककर गाड़ियों के शीशो को तोड़ देते हैं। इस बार असामाजिक लोगों को बक्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि होली के इस त्योहार को आपस में मिलकर मनाना चाहये। इस अवसर पर सरसीवां थाना प्रभारी टीकाराम खटकर ने उपस्थित जनप्रतिनिधि , पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, प्रबुद्ध जन, व्यापारियों एवं पत्रकार साथियों से चर्चा की एवं अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए तत्पश्चात श्री खटकर ने आगामी होली पर्व को लेकर शांति बरतने की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार को शांति पूर्वक पारंपरिक रूप से मनाए। इस दौरान किसी तरह से हुड़दंग एवं शरारत कर अन्य लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने की बात कही। किसी तरह से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस थाना में जानकारी देने की अपील की।

## होली पर्व से पहले थाना में हुई शांति समिति की बैठक

### आचार सहिता का उल्लंघन न करने की दी समझाइश

थाना प्रभारी खटकर ने शांति व्यवस्था कि दृष्टि से कहा कि हमारा प्रयास रहेगा की अंचल में शांति पूर्ण ढंग से होलिकोत्सव सम्पन्न हो, जिसके लिए सभी की सहयोग की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा की शराब पीकर सड़कों पर लोग हुड़दंग मचाते हैं, तीन सवारी, अनावश्यक बाजा बजाना, रस्सी से रोड जाम करना, चंदा मांगना, पक्की सड़क पर होलिका दहन करना, बिजली तार के नीचे होलिका दहन करना, आयल पेंट लगाने आदि से परहेज करने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि कपड़े फाड़ने वाले होली न खेले जिससे की अनावश्यक विवाद हो। लोक सभा चुनाव के मद्धेनजर आचार सहिता का उल्लंघन न करने की भी समझाइश दी। इन्होंने कहा कि चुनाव आचार सहिता लगने के साथ पूरे क्षेत्र में 144 लागू है, जिसका कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। उल्लंघन करने वालों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। शांति समिति की बैठक में प्रमुख रूप से पहुंचे गणमान्य लोग परमानद निराला, दशरथ खुटे, भरत जाटवार, रतन खत्री, जगदीस साहू,सुदामा बंजारे, रामबाई, अमृतलाल, मोहन अजगले, ओमप्रकाश और सरसीवां के आसपास के स्थानीय पत्रकार आदि उपस्थित थे।



**बैठक : कलेक्टर ने निर्वाचन इनफोर्समेंट एजेंसी की ली बैठक**

# सीमा पर होगी अवैध परिवहन एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने इनफोर्समेंट एजेंसी की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा डीएफओ, अपर कलेक्टर शैलभ कुमार साहू, एसडीएम वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, खनिज अधिकारी एच डी भारद्वाज, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, आरटीओ अधिकारी, लीड बैंक प्रभारी अधिकारी सुरेश दामके उपस्थित थे।

कलेक्टर साहू ने कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष निर्वाचन कराना प्रशासन का उद्देश्य है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अंतर्राज्यीय सीमा पर असामाजिक तत्वों की घुसपैठ, शराब की तस्करी, नगद राशियों की आवाजाही, बिना विधिमान्य, वाउचर एवं बिना जीएसटी भुगतान के सामग्रियों का परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करें।

इस दौरान आयकर अधिकारी श्री अमरीश कुमार ने चेकपोस्ट पर जांच दलों एसएसटी और एफएसटी की टीम को आचार संहिता के दौरान अवैध कैश मोबिलाइजेशन को रोकने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने चेकिंग के दौरान अलग–अलग वस्तुओं पर लगने वाले कर के निर्धारण के संबंध में जानकारी दी।

इसके पश्चात कलेक्टर साहू ने बताया कि आचार संहित के दौरान जो कानून हैं, उसी के आधार पर अलग–अलग प्रकरणों पर कार्रवाई होगी। इसके अलावा उपस्थित सभी बैंक प्रतिनिधियों से अकाउंट में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन एवं संदेहास्पद लेनेदेन पर ध्यान रखने कहा एवं रिपोर्ट लीड बैंक मैनेजर को देने को कहा, ताकि उसकी जांच की जा सके। उन्होंने ट्रांजेक्शन पर इनकम टैक्स को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बैंक के कैश वाहनों के बिना रूकावट परिवहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित क्यूआर जनरेट कर लगवाने के निर्देश दिए। जिसमें सोर्स एवं डेस्टिनेशन जैसे जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने सभी बैकों को इस पर तत्काल कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री साहू ने अवैध शराब, ड्रग्स, कैश एवं राशन पर संबंधित विभागों को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही सी–विजिल एप्प में आ रही शिकायतों में ट्रैकिंग की समस्या को ध्यान में रखकर कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को उक्त मामलों पर सख्ती से कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शर्मा ने चेकिंग की संयुक्त टीम को आवश्यक सावधानी बरतते हुए टीम बनाकर चेकिंग करने को कहा, साथ ही बाहरी राज्यों की गाड़ियों पर ध्यान देते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट अद्यतन अपडेट करने के निर्देश दिए।






## जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइप लाइन की अच्छी गुणवत्ता हो

■ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली कलेक्टर ने दिए निर्देश

मुड़पार-सरसीवा। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन कार्यों के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता बरकरार रखते हुए तय समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइप लाइन की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कार्य में किसी भी प्रकार के बाधा–व्यवधान आ रही है, तो उसके निराकरण के लिए अधिकारियों को अवगत कराएं। जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा जिन एजेंसियों के कार्यों में लापरवाही है, उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री साहू ने जल जीवन मिशन अंतर्गत ठेकेदारों से गांवों में पानी के भूजल स्तर और जल स्रोत की उपलब्धता और सूखापन, बिजली की व्यवस्था, ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं उससे जुड़ी समस्या, टंकी स्थापना, टंकी में पानी की पहुंच, पम्प स्थापना, घरों तक पाइपलाइन बिछाना, सीमेंटेड टंकी निर्माण, दूरस्थ गांवों में विद्युतीकरण के बारे में जानकारी ली और समय अवधि तक प्रस्तावित कार्यों को पूरा करने के लिए कहा, साथ ही कार्यों को मानिटरिंग अच्छे से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ , एसडीएम वासु जैन, परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान एवं समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संयंत्र ने उप स्वास्थ्य केंद्र में दी चिकित्सकीय सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत ग्राम पंचायत मोहरा के उप स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर सेवा प्रदान करने ऑफिस टेबल, ऑफिस चेयर, बेड, डस्टबिन, स्टील अलमीरा, बीपी मशीन, शुगर मशीन, मेडिसिन रेक, मेडिसिन स्टैंड, बेंच, कुर्सी इत्यादि सामग्री का सहयोग किया गया। इससे आसपास से आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। उक्त सहयोग के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी नंदिनी साहू ने अल्ट्राटेक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और कहा की इस स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को अवश्य ही इसका लाभ मिलेगा। ग्राम के सरपंच साधराम नवरंगे ने कहा कि अल्ट्राटेक के इस कदम से निश्चित तौर पर स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा आसपास के मरीज इसका लाभ उठा पाएंगे।

कार्यक्रम में मोहरा स्वास्थ्य केंद की नंदिनी साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, उमेश कुमार साहू, साधराम नवरंगे सरपंच, राजेश वर्मा उपसरपंच, चंद्रिका वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, लक्ष्मी वर्मा आंगनवाड़ी सहायिका विमला महिलांग पंच, कुमारी वर्मा पंच, कार्तिक वर्मा, अल्ट्राटेक सयंत्र हिरमी के ग्रामीण विकास विभाग के वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे तथा ग्रामीण विकास कार्यकर्ता रामा साह, मनोज वर्मा उपस्तिथ थे।

### कार ने मोटर साइकिल को मारी टक्कर

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर मोड़ बिहारी ढाबा के पास एक कार की टक्कर से बाइक में सवार पति-पत्नी को चोटें आई है। प्राथी राजू राणा पिता सुखीराम राणा (42) निवासी गाताडीह जिला सारंगढ़ ने बताया कि उक्त घटनास्थल पर कार क्रमांक सीजी 04 एमजेड 1318 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 0720 को टक्कर दिया। घटना में बाइक में सवार प्रार्थी और उसकी पत्नी को चोटें आई। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## होली थीम पर निकाली मतदाता जागरूकता रैली...




**भटगांव।** बिलाईगढ़ विकासखंड क्षेत्र में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिलाओं द्वारा आगामी होली त्यौहार के अवसर पर होली के रंग मतदान के संग थीम पर होली मिलन का आयोजन किया गया एवं शत–प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के थीम चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम आधारित रंगोली बनाई गई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर खपराडीह में शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा के तत्वावधान में डॉ. एचएल सोनबोईर, अधिष्ठाता के मार्गदर्शन अनुसार सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर ग्राम खपराडीह में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार साहू और और विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत शामिल रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेंद्र देशमुख और महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कृषि महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. राजेश साहू ने उद्बोधन में देश सेवा में स्वयंसेवकों की भूमिका को उल्लेख करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र उपाध्याय, डॉ. केके पांडे, डॉ. चेनेश पटेल, डॉ. दीपिका साहू के साथ महाविद्यालय के 50 स्वयं सेवक एवं गांव के सभी सम्माननीय नागरिक शामिल हुए। सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जाएगी, जिसमें नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, बाल श्रमिक निषेध अभियान, योग दिवस का आयोजन, पौधारोपण, मतदाता जागरूकता अभियान व अन्य विभिन्न विषयों पर बौद्धिक परिचर्चा की जाएगी।



## संयंत्र ने रवेली में बनाया सामुदायिक भवन



**बलौदाबाजार।** श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेंट प्लांट खपराडीह द्वारा ग्रामीण विकास के कार्यों के लिए हर संभव प्रयास किया जाता हे। इसी कड़ी में ग्राम रवेली में सामुदायिक भवन का लोकार्पण मनोज कुमार श्रीवास्तव क्लस्टर हेड द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री सीमेंट सामाजिक दायित्वों के प्रति संवेदनशील है एवं विकास कार्यों के लिए प्रारम्भ से ही प्रयासरत है इस मौके पर ग्राम रवेली के सरपंच लीलाराम ध्रुव द्वारा सीएसआर के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों कि सराहना करते हुए संयंत्र प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम रवेली के सरपंच लीलाराम ध्रुव, पूर्व सरपंच नोहर वर्मा एवं पंचगण उपस्थित थे। संयंत्र प्रबंधन की ओर से अशोक कुमार वर्मा एवं विरेन्द्र बघेल उपस्थित थे।







